

अखबार वो जो दिखाता है सच — हिन्दी दैनिक

# तेजयुग न्यूज़

स्थापना दिवस 2024

www.tejyug.com

• रविवार, 03 मार्च, 2024
• Sunday, 03 March, 2024

• वर्ष/year : 01 • अंक/issu : 62 • पृष्ठ/page 12 • मूल्य/rate : 3 ₹

हापुड़ से प्रकाशित/ Published From Hapur

UPHIN/2023/51292

# भाजपा की पहली लिस्ट : 195 नाम, इनमें 34 केंद्रीय मंत्री, काशी से मोदी, गांधीनगर से शाह

## 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं, इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया

**तेजयुग न्यूज**

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे।

अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है।

**किस राज्य से कितनी सीटों पर प्रत्याशियों का एलान? :** विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं।



**29 फरवरी को हुई थी अहम बैठक :** इससे पहले गुरुवार को पार्टी ने देर रात तक मंथन किया था। केंद्रीय चुनाव कमेटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कई नामों को अंतिम रूप दिया था।

### भाजपा की पहली सूची में क्या खास ?

195 नामों का एलान

34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में

28 महिलाओं को मौका

47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है

27 नाम अनुसूचित जाति से

18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से

57 नाम अन्य पिछड़ वर्ग से

**2019 में किस गठबंधन का कैसा था प्रदर्शन? :** पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 351, कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) को 90 और सपा-बसपा के गठबंधन को 15 सीटें मिली थीं।

**दिल्ली में बीजेपी ने पांच में से चार सांसदों की टिकट काटी**

| क्षेत्र | वर्तमान सांसद | नए उम्मीदवार |
|---|---|---|
| चांदनी चौक | डॉ. हर्षवर्धन | प्रवीण खंडेलवाल |
| उत्तर पूर्व दिल्ली | मनोज तिवारी | मनोज तिवारी |
| नई दिल्ली | मीनाक्षी लेखी | सुश्री बांसुरी स्वराज |
| पश्चिम दिल्ली | प्रवेश वर्मा | श्रीमती कमलजीत सहरावत |
| दक्षिण दिल्ली | रमेश विधूड़ी | रामवीर सिंह विधूड़ी |

**2019 में भाजपा का प्रदर्शन :** भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 में 543 सीटों में से 436 पर उम्मीदवार उतारे थे। बाकी सीटें पार्टी ने सहयोगी दलों को दी थीं। जिन 436 सीटों पर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, उनमें से पार्टी को 303 पर जीत मिली थी। यह आंकड़ा लोकसभा में बहुमत के आंकड़े 272 से भी ज्यादा था। इसके अलावा 72 सीटों पर भाजपा दूसरे नंबर, 31 सीटों पर तीसरे नंबर और 30 सीटों पर इससे भी नीचे रही थी, जबकि 51 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई थी।

**भाजपा को अकेले मिला था बहुमत :** 2019 में भाजपा 303 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी और अकेले ही उसने बहुमत के जादुई आंकड़े (272) को पार कर लिया था। इसके बाद कांग्रेस 52 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही थी। डीएमके को 24, तृणमूल कांग्रेस को 22 और वाईएसआरसीपी को 22 सीटें मिली थीं।

**राजस्थान : 25 में से 15 सीटें घोषित**

| सीट | टिकट मिला | टिकट कटा |
|---|---|---|
| बीकानेर | अर्जुनराम मेघवाल | बरकरार |
| चुरू | देवेन्द्र झाझड़िया | राहुल कस्वां |
| सीकर | सुमेधानंद सरस्वती | बरकरार |
| अलवर | भूपेन्द्र यादव | बालकनाथ |
| भरतपुर | रामस्वरूप कोली | रंजीता कोली |
| नागौर | ज्योति मिर्धा | हनुमान बैनीवाल |
| पाली | पीपी चौधरी | बरकरार |
| जोधपुर | गजेन्द्र सिंह शेखावत | बरकरार |
| बाड़मेर | कैलाश चौधरी | बरकरार |
| जालोर-सिरोही | लुम्बाराम चौधरी | देवजी पटेल |
| उदयपुर | मन्नालाल रावत | अर्जुनलाल मीणा |
| बांसवाड़ा-डूंगरपुर | महेन्द्रजीत मालवीय | कनकलाल कटारा |
| चित्तौड़गढ़ | सीपी जोशी | बरकरार |
| कोटा-बूंदी | ओम बिड़ला | बरकरार |
| झालावाड़-बारां | दुष्यंत सिंह | बरकरार |



**हापुड़ पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00 °C°C | 11.00 °C°C |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .10 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .25 बजे

## भाजपा ने 11 उम्मीदवारों का नाम की घोषणा की

**नईदिल्ली:** भाजपा ने हजारीबाग से मनीष जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा हाल ही में कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल होने वाली गीता कोड़ा को चाईबासा से टिकट दिया गया है। इसके अलावा गोड्डा से निशिकांत दूबे, राँची से संजय सेठ, खूँटी से अर्जुन मुंडा, लोहरदगा से समीर उराँव, जमशेदपुर से विद्युत चरण महतो, दुमका से सुनील सोरेन, राजमहल से ताला मरांडी, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और पलामू से बीडी राम को टिकट दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 195 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में पीएम मोदी समेत 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में 29 फरवरी को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए गए थे, जिसकी घोषणा आज हम कर रहे हैं। विनोद तावड़े ने कहा कि पीएम मोदी एक बार फिर वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा 34 मंत्रियों को भी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा की पहली सूची में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल की 12, तेलंगाना की 9, असम की 11, झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की 5, जम्मू-कश्मीर की 2, उत्तराखंड की 3, अरुणाचल की 2, गोवा की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान की 1, दमन और दीव की 1 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा की पहली सूची में 28 महिलाएं, 27 एसटी, 18 एसटी और 18 ओबीसी और 47 युवा नेता शामिल हैं, जिनको लोकसभा चुनाव के लिए टिकट मिला है।

### टीएमसी पर हमला करने के बाद चार सौ पार का नारा दोहराया

# भाजपा को यहां की सभी 42 सीटें जीतना है : प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी

**तेजयुग न्यूज**

**कोलकाता:** टीएमसी की फायरब्रांड नेत्री महुआ मोइत्रा की राजनीतिक कर्मभूमि पर आज प्रधानमंत्री ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को जमकर कोसा। इसी क्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्य भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा। नदिया जिले के कृष्णानगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी का मतलब तू, मैं और करप्सन (भ्रष्टाचार) है।

▶▶ विजय संकल्प सभा को किया संबोधित

▶▶ टीएमसी भ्रष्टाचार और वंशवाद का प्रतीक

▶▶ राज्य को 22 हजार करोड़ की सौगात दी है

कृष्णानगर में विजय संकल्प सभा में भीड़ से उन्होंने कहा, आप सभी को इतनी बड़ी संख्या में यहां इकट्ठा देखकर मुझे एनडीए सरकार, 400 पार कहने का आत्मविश्वास मिल रहा है।

उन्होंने कहा, टीएमसी अत्याचार, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात का पर्याय है। पश्चिम बंगाल के लोग राज्य सरकार के कामकाज के तरीके से निराश हैं। संदेशखाली में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए, जहां महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण का आरोप लगाया है, पीएम ने कहा मोदी ने दावा किया कि क्षेत्र की संकटग्रस्त माताओं और बहनों का समर्थन करने के बजाय, राज्य सरकार ने आरोपियों का पक्ष लिया।

उन्होंने कहा, मां-बहनें न्याय की गुहार लगाती रहीं, लेकिन टीएमसी सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। उन्होंने मां माटी मानुष के नाम पर वोट ले लिया, लेकिन अब पश्चिम बंगाल में मां-बहनें रो रही हैं। राज्य में हालात खराब हैं। ऐसा कि यहां अपराधी तय करते हैं कि उन्हें कब गिरफ्तार किया जाए। जिस तरह से टीएमसी यहां काम कर रही है, उसने पश्चिम बंगाल के लोगों को निराश किया है। लोगों ने लगातार टीएमसी को वोट दिया है लेकिन यह पार्टी अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है।



**टीएमसी सरकार ने बंगाल की महिलाओं को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया**

यह देखते हुए कि कैसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, मोदी कहते हैं, मां, माटी, मानुष के नारे का इस्तेमाल करते हुए, टीएमसी सरकार ने बंगाल की महिलाओं को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आज, मां, माटी भी मानुष के रूप में, सभी टीएमसी शासन के तरीके से नाखुश हैं। संदेशखाली घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, संदेशखाली की महिलाएं न्याय मांगती रहीं, फिर भी सरकार ने उनकी नहीं सुनी. बंगाल में, पुलिस यह तय नहीं करती है कि किसी अपराधी को कब गिरफ्तार किया जाना चाहिए, यह अपराधी है जो अपने लिए सब कुछ तय करता है। राज्य सरकार नहीं चाहती थी कि संदेशखाली घटना के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

# विधायक ने कहा अवैध प्रवासियों को गोली मार दो

### राज्य विस में मुख्यमंत्री ने कहा एनआरसी लागू होना ऐतिहासिक

**तेजयुग न्यूज**

**गुवाहाटी :** मणिपुर विधानसभा ने राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी लागू करने की वकालत करते हुए आज एक गैर सरकारी सदस्य का प्रस्ताव पारित किया। तांगखुल नगा के एक विधायक द्वारा पेश किया गया और एक नगा मंत्री, दो मैतेई पंगल विधायकों और मैतेई विधायकों सहित विविध गठबंधन द्वारा समर्थित प्रस्ताव, राज्य के विधायी इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 2 मार्च को माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर एनआरसी के कार्यान्वयन के माध्यम से मणिपुर में राज्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए मणिपुर में स्वदेशी समुदायों के सामूहिक संकल्प को बताते हुए महत्वपूर्ण अवसर की घोषणा की।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि 1 मार्च, 2024 मणिपुर विधानसभा में एक ऐतिहासिक घटना है। यह एकजुट प्रयास राज्य और राष्ट्र को बचाने के लिए एनआरसी को लागू करने के लिए मणिपुर में स्वदेशी समुदायों के संकल्प को प्रदर्शित करता है। यह वास्तव में मणिपुर विधान सभा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने दावा किया कि राज्य के विभिन्न स्थानों पर खतरनाक दर से अचानक नए गांवों का बढ़ना सीधे तौर पर मणिपुर की स्वदेशी आबादी के लिए एक संभावित खतरा है।




▶▶ नए गांवों से स्थानीय आबादी को खतराः बीरेन सिंह

▶▶ राहत शिविरों में मतदान करेंगे विस्थापित लोग

# रिश्वतखोरी कर रहा था राजस्व कर्मचारी

### मौके पर पहुंच गई एसीबी की टीम

**तेजयुग न्यूज**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी व्यांजन मिंज उर्फ मेंजामिन कुजूर को बीते कल दोपहर सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। वह म्यूटेशन के एवज में रिश्वत ले रहा था।शिकायतकर्ता सुनीत उरांव चान्हो के रघुनाथपुर स्थित कोको नवाटोली के रहने वाले हैं। उन्होंने एसीबी में लिखित शिकायत की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि छह फरवरी 2024 को उन्होंने सनिया उरांव से पांच डिसमिल जमीन खरीदी थी।

**क्या है पूरा मामला**

उसके म्यूटेशन के लिए उन्होंने चान्हो अंचल में ऑनलाइन आवेदन दिया था। सुनीत उरांव ने म्यूटेशन के लिए चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी व्यांजन मिंज उर्फ मेंजामिन कुजूर से मुलाकात की तो उन्होंने म्यूटेशन के एवज में 11 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।एसीबी ने उनकी शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें सात हजार रुपये मांगा जाना सत्य पाया गया।



इसके बाद ही एसीबी ने गुरुवार को एसीबी रांची में केस दर्ज कर सात हजार रुपये रिश्वत की राशि लेते राजस्व कर्मचारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### चुनाव आयोग की कार्रवाई के पहले ही खुलने लगा है राज

# आईएफबी एग्रो ने मुनाफा से तीन गुणा चंदा दिया

**तेजयुग न्यूज**

**कोलकाताः** आईएफबी एग्रो ने इस महीने घोषणा की है कि उसने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के पहले नौ महीनों में चुनावी बांड के माध्यम से राजनीतिक दलों को 40 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह वह राशि है जो इसी अवधि के 13.87 करोड़ रुपये के कर-पश्चात लाभ का तीन गुना है। कंपनी की राज्य में भारतीय-निर्मित-विदेशी-शराब या आईएमएफएल उत्पादन और समुद्री भोजन प्रसंस्करण में बड़ी उपस्थिति है। संयोग से, समुद्री खाद्य प्रसंस्करण या झींगा पालन क्षेत्र संदेशखाली में एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक तूफान के केंद्र में हैं, जहां सत्तारूढ़ टीएमसी झींगा पालन के लिए कृषि योग्य भूमि पर जबरन कब्जा करने और महिलाओं के यौन शोषण के गंभीर आरोपों से जूझ रही है।




### नेहरूकुण्ड में हिमस्खलन होने से पांच गाड़ियां दबीं

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में मनाली सोलंगनाला मार्ग पर नेहरू कुण्ड में शनिवार को भारी हिमस्खलन होने से पांच गाड़ियां दब गयीं। गौरतलब है प्रदेश में गत 24 घंटे से बारिश और हिमपात जारी है। लगातार बर्फबारी के कारण पहाड़ों पर बर्फ जमा हो गयी है। इस घटना में हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मनाली में हिमस्खलन का समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत-बचाव कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटकों सहित प्रदेशवासियों को राहत प्रदान करने के लिये सदैव प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर शुरू हुआ बारिश का सिलसिला, आज दिन में भी बूंदाबांदी के आसार

**तेजयुग न्यूज**

**नई दिल्ली :** आज दिन में आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिन में दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पूर्व से हवाएं चलने का अनुमान है।

रविवार से सुबह के तापमान में गिरावट का अनुमान है। सुबह के तापमान में यह गिरावट छह मार्च तक होने का अनुमान है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में मौसम स्थिर रह सकता है। चार मार्च के बाद से मौसम में बदलाव होगा। जबकि दिन के तापमान में मामूली बढ़त हो सकती है। मौसम विभाग ने आठ मार्च को दिन के समय अच्छी धूप खिलने का अनुमान जताया है। कल दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह हुई हल्की बारिश और दिन में चली तेज हवाओं से पारा गिर गया है। शनिवार को दिन का तापमान सामान्य से दो डिग्री नीचे दर्ज किया गया। सुबह के समय बादल छाए रहे। वहीं दिनभर सूरज की धूप लुका-छूपी चलती रही। वहीं रविवार के लिए भी हल्की बूंदा-बांदी के आसार हैं।



प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है।

# प्ले स्टोर पर भारतीय एप बहाल, अश्विनी वैष्णव के दखल के बाद बैकफुट पर आई गूगल

**तेजयुग न्यूज**

**नई दिल्ली :** गूगल ने बिल भुगतान विवाद में सरकार का कड़ा रुख देख भारतीय कंपनियों के एप प्ले स्टोर से हटाने का अपना फैसला पलट दिया है। उसने शनिवार को हटाए गए सभी एप प्ले स्टोर पर बहाल कर दिए। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के दखल के बाद कंपनी बैकफुट पर आ गई। वैष्णव ने स्पष्ट कहा कि गूगल का यह रवैया मंजूर नहीं है। कोई एक बड़ी कंपनी भारतीय स्टार्टअप्स का भाग्य तय नहीं कर सकती। उन्होंने विवाद का जल्द हल निकालने के लिए प्रभावित कंपनियों और गूगल को अगले सप्ताह बैठक के लिए बुलाया है। वैष्णव ने कहा, भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। युवाओं और उद्यमियों की ऊर्जा को सही दिशा देनी चाहिए और इसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी की नीतियों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है। हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। गूगल ने शुक्रवार को बिल विवाद के चलते भारतीय टेक कंपनी इन्फो एज के नौकरी डॉट कॉम, 99 एकड़, जीवनसाथी और शिक्षा एप के साथ ही कूकू एफएम, भारत मैट्रिमोनी, ट्रूली मैडली, क्वैक-क्वैक, स्टेज और ऑल्टटी को हटा दिया था। इंफो एज के फाउंडर संजीव बिखचंदानी ने बताया उनके एप 9 फरवरी से गूगल की बिलिंग नीति का पालन कर रहे हैं। इसके मनमाने तरीके से उनके एप को प्ले स्टोर से हटाया गया।



**एप भुगतान पर शुल्क को लेकर विवाद**

भारतीय कंपनियों और गूगल के बीच एप भुगतान पर शुल्क को लेकर विवाद है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने गूगल को आदेश दिया था कि वह 15 से 30 फीसदी शुल्क लगाने की पुरानी व्यवस्था को खत्म करे, जिसके बाद गूगल ने एप भुगतान पर 11-26 प्रतिशत शुल्क लगाना शुरू कर दिया। भारतीय कंपनियों ने गूगल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें गूगल के शुल्क पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई। इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च को होनी है।